तापमान
अधिकतम 36.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# कोरबा भूमि

बिलासपुर, रविवार 17 अगस्त 2025

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा





## खबर संक्षेप

### पेंशन योजनाओं के हितग्राहियों का होगा वार्षिक सत्यापन

**कोरबा।** शासन की विभिन्न पेंशन योजनाओं के हितग्राहियों का वार्षिक सत्यापन मोबाईल एप बेनेफिशरी सत्यापन एप के माध्यम से किया जाएगा। इसके लिए नगर निगम के समस्त वार्डो में विशेष अभियान चलाया जाएगा। आयुक्त आशुतोष पाण्डेय के मार्गदर्शन में अपर आयुक्त विनय मिश्रा ने इस के लिए आदेश जारी कर वार्डवार कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई है। शासन से प्राप्त दिशा निर्देशों के तहत शासन के सामाजिक सहायता कार्यक्रम अंतर्गत संचालित केन्द्रीय पेंशन योजनाओं इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय विधवा पेंशन एवं इंदिरा गांधी राष्ट्रीय दिव्यांग पेंशन योजना के हितग्राहियों का वार्षिक सत्यापन मोबाईल एप बेनेफिशरी सत्यापन एप से शत प्रतिशत किया जाना है।

### अंजली का एमबीबीएस में हुआ चयन



**हरदीबाजार।** ग्राम नेवसा निवासी शिवलाल यादव की पुत्री कुमारी अंजली यादव का एमबीबीएस में चयन हुआ है। अंजली शासकीय गवर्नमेंट कॉलेज सिम्स बिलासपुर एमबीबीएस की पढ़ाई करेगी। उनके एमबीबीएस में चयन होने से गांव, परिजनों उनके माता पिता खुशी है। इसी कड़ी में कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल अंजली के घर पहुंचकर मिठाई खिलाकर बधाई दिये हैं।

### संयंत्र की उत्पादन क्षमता 600 से बढ़कर हो जाएगी 1920 मेगावाट

# कोरबा पावर लिमिटेड की तीसरी और चौथी इकाई से अगले वर्ष उत्पादन की कवायद

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले के पताढी में स्थित कोरबा पावर लिमिटेड के विद्युत संयंत्र की विस्तार परियोजना का काम तेजी से आगे बढ़ रहा है अडानी पावर लिमिटेड द्वारा अधिग्रहण के बाद इस संयंत्र की 660 मेगावाट विद्युत उत्पादन क्षमता वाली तीसरी और चौथी विस्तार परियोजनाओं की कमिशनिंग का कार्य जोरों पर है, जिसके वर्ष 2026 में पूरा होने की उम्मीद है। इसके साथ ही तीसरे चरण की तैयारियां भी शुरू हो चुकी हैं, जो संयंत्र की उत्पादन क्षमता को 3520 मेगावाट तक बढ़ा देगी।

उल्लेखनीय है कि कोरबा पावर लिमिटेड की दूसरी फेज की विस्तार परियोजना के तहत 1320 मेगावाट क्षमता वाली तीसरी और चौथी इकाइयों (प्रत्येक 660 मेगावाट) का निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है। अधिग्रहण के समय यह परियोजना रुकी हुई थी, लेकिन अडानी पावर लिमिटेड के प्रबंधन ने इसे गति प्रदान की है। सूत्रों की मानें तो तीसरी इकाई की कमिशनिंग मार्च 2026 तक और चौथी इकाई की कमिशनिंग दिसंबर 2026 तक पूरी होने की संभावना है। इन दोनों इकाइयों के चालू होने के बाद संयंत्र की कुल उत्पादन क्षमता 600 मेगावाट (पहले चरण की दो इकाइयां, प्रत्येक 300 मेगावाट) से बढ़कर 1920 मेगावाट हो जाएगी। अडानी पावर लिमिटेड ने कोरबा पावर लिमिटेड के परिसर में तीसरे चरण की विस्तार परियोजना की शुरुआत भी कर दी है। इस चरण में 1600 मेगावाट क्षमता वाली दो नई इकाइयां (प्रत्येक 800 मेगावाट) स्थापित की जाएंगी, जो अल्ट्रा-सुपरक्रिटिकल तकनीक पर आधारित होंगी। इस तकनीक से न केवल बिजली उत्पादन की दक्षता बढ़ेगी, बल्कि पर्यावरणीय प्रभाव भी कम होगा। कंपनी ने मुख्य संयंत्र उपकरणों के लिए ऑर्डर दे दिए हैं, जिससे परियोजना की गति और बढ़ने की उम्मीद है। तीसरे चरण के पूरा होने पर संयंत्र की कुल उत्पादन क्षमता 3520 मेगावाट तक पहुंच जाएगी। कोरबा पावर लिमिटेड की विस्तार परियोजना छत्तीसगढ़ और देश के लिए बिजली उत्पादन के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण कदम है। तीसरी और चौथी इकाइयों की कमिशनिंग से संयंत्र की क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि होगी, और तीसरे चरण की अल्ट्रा-सुपरक्रिटिकल तकनीक आधारित इकाइयां इसे और भी आधुनिक और पर्यावरण-अनुकूल बनाएंगी। कोरबा पावर लिमिटेड की यह पहल क्षेत्र को ऊर्जा उत्पादन के क्षेत्र में एक मजबूत केंद्र के रूप में स्थापित करेगी।

#### खास बात

- 660 मेगावाट की दो विस्तार परियोजनाओं की कमीशनिंग के कार्य ने पकड़ी रफ्तार
- तीसरे चरण में 800 मेगावाट की दो नई अल्ट्रासुपर क्रिटिकल इकाईयों की होगी स्थापना।



निर्माणधीन विस्तार संयंत्र की इकाई।

#### क्षेत्रीय और आर्थिक प्रभाव

कोरबा पावर लिमिटेड की विस्तार परियोजना से न केवल क्षेत्र में बिजली आपूर्ति में सुधार होगा, बल्कि स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे। इस परियोजना के तहत पावर मेक प्रोजेक्ट्स लिमिटेड को 294 करोड़ रुपए का ठेका मिला है, जिसमें तीसरी और चौथी इकाइयों के लिए ओवरहॉलिंग, इरेक्शन, टेस्टिंग, कमिशनिंग और प्रदर्शन गारंटी परीक्षण शामिल हैं। यह परियोजना क्षेत्र की औद्योगिक और आर्थिक प्रगति में महत्वपूर्ण योगदान देगी।

#### अधिग्रहण और प्रबंधन

लैंको अमरकंटक पावर लिमिटेड का अधिग्रहण अडानी पावर लिमिटेड द्वारा कॉर्पोरेट दिवाला समाधान प्रक्रिया (सीआईआरपी) के तहत किया गया था। अधिग्रहण के बाद संयंत्र का नाम बदलकर कोरबा पावर लिमिटेड कर दिया गया। वर्तमान में संयंत्र की पहली फेज की दो इकाइयां (प्रत्येक 300 मेगावाट) पहले से ही चालू हैं और दूसरी फेज की प्रगति के साथ तीसरे चरण की योजना ने क्षेत्र में बिजली उत्पादन की संभावनाओं को और मजबूत किया है।

# सीसीटीवी का तार काटकर शराब-दुकान में लगाई सेंध



शराब दुकान में चोरों द्वारा की गई सेंधमारी।



घटना स्थल का निरीक्षण करते पुलिसकर्मी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में शातिर चोरों ने शराब दुकान में सेंध लगाकर 30 हजार की शराब चोरी कर ली है। चोरों ने पहले सीसीटीवी का तार काटा फिर दीवार में सेंध लगाकर चोरी की वारदात को अंजाम दिया। हैरानी वाली बात यह है कि चोरों ने कैश काउंटर को हाथ तक नहीं लगाया। दरअसल रामपुर में देशी और विदेशी शराब दुकान हैं। शनिवार की सुबह जब कर्मचारी दुकान पहुंचे, तो चोरी का खुलासा है। मौके पर पहुंची पुलिस और डॉग स्क्वायड की टीम जांच शुरू कर दी है। साथ ही आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे है।

इस मामले में सेल्समैन सूरज साहू ने बताया कि 14 अगस्त की रात 10 बजे दुकान बंद की गई थी। 15 अगस्त को दुकान सरकारी आदेश के कारण बंद रही। 16 अगस्त की सुबह जब कर्मचारी दुकान खोलने पहुंचे, तो देखा कि पीछे की दीवार में सेंध लगी हुई है। चोरों ने वारदात से पहले दुकान के सीसीटीवी कैमरे के केबल काट दिए। हालांकि, चोर कैश काउंटर में रखी नकदी नहीं ले गए। बता दें कि दुकान में सेल्समैन, सुपरवाइजर, मुंशी समेत कुल पांच कर्मचारी कार्यरत हैं। मामले में सीएसपी भूषण एक्का ने बताया कि चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रहे हैं। चुराई गई शराब की पेटियों की सटीक संख्या का मिलान किया जा रहा है।

#### खास बात

- 30 हजार की शराब चुरा ले गए शातिर चोर, कैश काउंटर को छुआ तक नहीं

# उद्योग मंत्री ने अशोक वाटिका में शुल्क वापस लेने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



लखनलाल।

अशोक वाटिका के रखरखाव और संचालन के नाम पर लगाए गए शुल्क को वाणिज्य उद्योग एवं श्रम मंत्री लखन लाल देवांगन और महापौर श्रीमती संजू देवी राजपूत ने तत्काल वापस लेने के निर्देश दिए हैं। अर्बन पब्लिक सर्विस सोसाइटी द्वारा अशोक वाटिका गार्डन प्रवेश शुल्क और पार्किंग शुल्क वसूल किए जाने के नाम पर प्रस्ताव पारित किया था। आम जनों के माध्यम से संज्ञान मिलने के बाद कैबिनेट मंत्री लखनलाल देवांगन ने तत्काल कलेक्टर और आयुक्त को यह शुल्क वापस लेने के निर्देश दिए। उद्योग मंत्री श्री देवांगन ने आयुक्त से दूरभाष पर चर्चा कर कहा कि शहर की जनता मेरे परिवार का हिस्सा है, किसी भी प्रकार की शुल्क का वहन नहीं करना पड़े। शुल्क के बजाए उद्यान के सुविधा को बढ़ाने के निर्देश दिए गए। उन्होंने अशोक वाटिका के साथ साथ सभी उद्यानों के उचित रखरखाव करने कहा। उद्योग मंत्री एवं महापौर ने आयुक्त से पूरी प्रक्रिया को निरस्त करने के लिए आवश्यक कदम जल्द उठाने के निर्देश दिए गए।



YOUR STYLISH 2, 3 & 4 BHK BUNGALOWS
COMES WITH MORE THAN JUST KEYS

SWARNIMA ERA
2, 3 & 4 BHK INDEPENDENT BUNGALOWS
BILASPUR (C.G.)

BOOK & SAVE

**Exclusive Gift** on Every Booking + **1 Lakh** Cash* Discount

VISIT & WIN — **Guaranteed Rewards** for Every Guest









Customised Homes & Plots Available in Bilaspur

*T&C Apply

Book your private walkthrough today.

CALL: 97557 93333 | 97552 93333

SITE ADDRESS: Swarnima Era, Beside Geetanjali City Phase 2, Bahtarai Road, Bilaspur(C.G.)

Rera no. PCGRERA250221001201
www.rera.cgstate.gov.in

Shrine+91 98337 11720

## खबर संक्षेप

### कलेक्टर ने कलेक्टोरेट में किया ध्वजारोहण



राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर कलेक्टर अजीत वसंत ने कलेक्टोरेट परिसर में राष्ट्रीय ध्वज फहराया। उन्होंने सभी अधिकारी कर्मचारियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं दी। कलेक्टर ने जिला कार्यालय परिसर स्थित छत्तीसगढ़ महतारी की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन कर पूजा अर्चना भी की। उन्होंने कहा कि हमारा देश विकास के पथ पर अग्रसर है। यह हम सबका नैतिक दायित्व है कि हम देश की उन्नति में अपना महत्वपूर्ण योगदान निभाएं। इस अवसर पर सहायक कलेक्टर क्षितिज गुरभेले, अपर कलेक्टर देवेंद्र पटेल, संयुक्त कलेक्टर मनोज बंजारे व श्रीमती माधुरी सोम ठाकुर, डिप्टी कलेक्टर रोहित सिंह, ऋचा सिंह सहित सभी विभागों के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

### पुराना बस स्टैंड में आटो संघ द्वारा किया गया ध्वजारोहण



पुराना बस स्टैंड में जिला ऑटो संघ द्वारा ध्वजारोहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पार्षद एवं जिला ऑटो संघ संरक्षक नरेंद्र देवांगन ने विधिवत मां भारती की पूजा-अर्चना व नारियल फोड़कर ध्वजारोहण किया। कार्यक्रम में जिला ऑटो संघ अध्यक्ष आज़म खान, उपाध्यक्ष पंकज तिवारी, सचिव यशवंत कौशिक, सहसचिव इस्लाम अंसारी, कोषाध्यक्ष श्याम गुरुजी, माना यादव, रवि यादव, तोषण गुप्ता, पंजू केसरवानी, राकेश चौहान, पवन मिश्रा, नजीर खान, पूर्व अध्यक्ष मिथुन परिवार, पूर्व सहजीवी मोहन खत्री आदि उपस्थित रहे।

### शासकीय प्राथमिक शाला कसनिया में तिरंगे को दी गई सलामी



शासकीय प्राथमिक शाला पटेलपारा कसनिया नगर पालिका कटघोरा वार्ड क्रमांक 14 भगत सिंह नगर में राष्ट्रीय पर्व धूमधाम से मनाया गया। मुख्य अतिथि रमेश पटेल पार्षद,संस्था के प्रधान पाठक श्रीमती एए मसीह, अशोक साहू, श्रीमती सुमित्रा पटेल उपस्थित रहे। भारत माता, सरस्वती माता की प्रतिमा पर पुष्पमाला अर्पित कर तिरंगे की सलामी लिया गया। चैतू राम पटेल, शंकर लाल श्रीवास, अगस्त पटेल, योगेंद्र मरावी, भरत प्रजापति, दिलहरण पटेल, श्रवण पटेल, देव पटेल, रवि पटेल, शमीम अंसारी, लता पटेल श्रीमती वंदना यादव, लक्ष्मीन बाई पटेल, सरिता पटेल विदेशी राम पटेल दुलीचंद पटेल पवन पटेल मनोज पटेल राजेंद्र पटेल श्रीमती शारदा पटेल उपस्थित थे।

## जिले में आजादी की 78वीं वर्षगांठ हर्षोल्लास और उमंग के माहौल में संपन्न, शहीद जवानों के परिजनों को किया गया सम्मानित

# उद्योग मंत्री ने ध्वजारोहण कर परेड की ली सलामी



ध्वजारोहण करते उद्योग मंत्री श्री देवांगन।



प्रतिभागी छात्राओं को पुरुस्कृत करते उद्योग मंत्री श्री देवांगन एवं कलेक्टर।



सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुती देतीं स्कूली छात्राएं।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

देश की आजादी की 78वीं वर्षगांठ उमंग और हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उद्योग, वाणिज्य एवं श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन ने फुटबाल मैदान सीएसईबी कोरबा (पूर्व) में राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहरा कर परेड की सलामी ली। समारोह में छात्र-छात्राओं द्वारा सास्कृतिक कार्यक्रमों का प्रदर्शन किया गया। समारोह में शासकीय सेवा में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों को पुरस्कृत भी किया गया। मुख्य अतिथि मंत्री श्री देवांगन ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा प्रदेश की जनता के नाम प्रेषित संदेश का वाचन किया।

स्वतंत्रता दिवस मुख्य समारोह में मुख्य अतिथि मंत्री श्री देवांगन ने प्रातः 9 बजे ध्वजारोहण किया और परेड की सलामी ली। इस अवसर पर राष्ट्रगान प्रस्तुत किया गया। सुरक्षा बलों द्वारा हर्ष फायर किया गया और छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल, सीआईएसएफ, जिला पुलिस बल, सुरक्षा बल, नगर सेना, वन रक्षक, स्काउट गाइड सीनियर-जूनियर डिवीजनों द्वारा आकर्षक मार्च पास्ट प्रस्तुत किया गया। परेड कमांडरों द्वारा परेड रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। मुख्य अतिथि ने परेड का निरीक्षण किया। इस दौरान उनके साथ कलेक्टर अजीत वसंत एवं पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी उपस्थित थे। उन्होंने अनेकता में एकता के प्रतीक गुब्बारे आकाश में छोड़े। इसके बाद विभिन्न शालाओं के छात्र-छात्राओं द्वारा आकर्षक, मनमोहक देशभक्ति गीतों पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई। समारोह में शहीद होने वाले जवानों के परिजनों को सम्मानित किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि श्री देवांगन के करकमलों द्वारा परेड, सांस्कृतिक कार्यक्रम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले दलों को शील्ड और प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। परेड में छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल को मिला प्रथम स्थान प्राप्त मिला। सांस्कृतिक कार्यक्रम में कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय प्रथम रहा। इसके अलावा शासकीय कर्मचारियों को उत्कृष्ट कार्य करने पर प्रशस्ति पत्र प्रदान कर उन्हें सम्मानित किया गया।

## बालको ने धूमधाम से मनाया स्वतंत्रता दिवस



**कोरबा।** दांता समूह की कंपनी बालको ने कर्मचारियों एव बिजनेस पार्टनर की उपस्थिति में 79वां स्वतंत्रता दिवस मनाया। बालको प्रबंधन ने समारोह में राष्ट्र निर्माण में स्वतंत्रता सेनानियों के योगदान को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी। कंपनी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं निदेशक राजेश कुमार ने प्रशासनिक भवन परिसर में ध्वजारोहण कर कार्यक्रम की शुरुआत की। उन्होंने कर्मचारियों को संबोधित करते हुए विकसित भारत के विजन के प्रति बालको की प्रतिबद्धता पर प्रकाश डाला बालको कर्मचारियों के निरंतर श्रेष्ठ कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि हम 79वें स्वतंत्रता दिवस का जश्न मना रहे हैं। करीब छह दशकों से बालको देश के भविष्य को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। बालको के योगदान से राज्य में हजारों करोड़ रुपए के व्यावसायिक अवसर निर्मित हुए। सीईओ ने अपने वक्तव्य में कहा कि हम परिचालन उत्कृष्टता की दिशा में समर्पित प्रयासों से आत्मनिर्भर भारत का सपना साकार करें। हमने अपने प्रत्येक प्रचालन में बालको ने शून्य क्षति, शून्य अपशिष्ट, शून्य उत्सर्जन की नीति का पालन सुनिश्चित किया है। श्री राजेश एवं कंपनी के वरिष्ठ अधिकारियों ने बालको अस्पताल के मरीजों को फल वितरित किये। सीईओ ने व्यक्तिगत रूप से सभी का हालचाल जाना।

## महापौर ने निगम कार्यालय में किया ध्वजारोहण



स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर निगम के मुख्य प्रशासनिक भवन साकेत में महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत ने ध्वजारोहण किया। इस मौके पर सभापति नूतन सिंह ठाकुर, निगग आयुक्त आशुतोष पांडेय सहित निगम के पार्षद व अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे। 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर नगर निगम कोरबा के मुख्य प्रशासनिक भवन साकेत में स्वतंत्रता दिवस समारोह का गरिमापूर्ण आयोजन किया गया, समारोह की मुख्य अतिथि के रूप में महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत ने ध्वजारोहण किया। कार्यक्रम में उपस्थित सभापति नूतन सिंह ठाकुर एवं आयुक्त आशुतोष पांडेय ने स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम का संचालन कार्यपालन अभियंता अखिलेश शुक्ला ने किया। महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत, सभापति श्री नूतन सिंह ठाकुर व आयुक्त श्री आशुतोष पांडेय ने उत्कृष्ट कार्यों के लिए निगम के कर्मचारियों को सम्मानित किया व उन्हें प्रशस्ति पत्र प्रदान किया। जिन कर्मचारियों को सम्मानित किया गया , उनमें उप अभियंता विनोद गोंड व रितेश सिंह, राजस्व उप निरीक्षक उत्तम राठौर, स्वच्छता निरीक्षक सतानंद द्विवेदी, अरविन्द पांडेय, बसंत सिदार, दिलीप पटेल, खम्हन दास मानिकपुरी, संतोष पटेल, मान सिंह नेताम, गंगाराम साहू, टी बाल चैन्नया, रमेश, रामभरोस राठौर, इम्तियाज अली आदि शामिल हैं। इस अवसर पर एम आई सी सदस्य श्रीमती ममता यादव, पार्षद अशोक चावलानी, पंकज देवांगन, धनश्री साहू, सीमा कंवर, चेतन सिंह मैत्री, अपर आयुक्त विनय मिश्रा, अधीक्षण अभियंता सुरेश बरुआ, उपायुक्त बी पी त्रिवेदी व पवन वर्मा, लेखाधिकारी भवकान्त नायक, जोन कमिश्नर अखिलेश शुक्ला, भूषण उरांव, विनोद शांडिल्य, एन के नाथ, प्रकाश चन्द्रा, तपन तिवारी, राकेश मसीह, सुनील तांडे, स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.संजय तिवारी, संपदा अधिकारी अनिरुद्ध सिंह, जनसंपर्क अधिकारी रावेन्द्र सिंह सहित अन्य उपस्थित थे।

## एसईसीएल में मनाया गया स्वतंत्रता दिवस



एसईसीएल में 79वां स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। वसंत विहार खेल मैदान एसईसीएल बिलासपुर में आयोजित स्वतंत्रता दिवस के मुख्य समारोह में मुख्य अतिथि अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक हरीश दुहन ने राष्ट्रीय ध्वज फहराकर, परेड की सलामी ली। इस अवसर पर अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक ने मुख्य परेड का निरीक्षण किया। अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक हरीश दुहन ने कहा कि एसईसीएल राष्ट्र की ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करते हुए एक आत्मनिर्भर एवं विकसित राष्ट्र के निर्माण के लिए पूर्ण रूप से प्रतिबद्ध है। एसईसीएल का नाम अब केवल देश में ही नहीं, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी स्थापित हो चुका है। हमारी गेवरा खदान एशिया की सबसे बड़ी और वर्ल्ड की दूसरी सबसे बड़ी खदान है, जो हमारे तकनीकी प्रगति, कार्यक्षमता, संगठन क्षमता और टीम भावना का प्रमाण है। भारत की पहली कोल पीएसयू के रूप में एसईसीएल ने पास्ट फील माइनिंग टेक्नॉलोजी को अपनाने का करार किया है। कोयला मंत्रालय एवं कोल इंडिया के यूजी विज़न के अनुरूप एसईसीएल अंडरग्राउंड उत्पादन को प्राथमिकता देते हुए अपनी खदानों में मास प्रोडक्शन टेक्नॉलोजी को बढ़ावा दे रहा है। एसईसीएल भविष्य के कोयला प्रेषण को ध्यान में अपनी रेल कोरिडोर परियोजनाओं के माध्यम से रेल लॉजिस्टिक्स के विकास में भी अग्रणी भूमिका निभा रहा है। एसईसीएल ने जापानी मियावाकी पद्धति पर आधारित विशेष वृक्षारोपण परियोजनाएँ भी शुरू की हैं। गेवरा और रायगढ़ क्षेत्रों में इन तकनीक से कम समय में घने जंगल विकसित किए जा रहे हैं।




## आत्मानंद विद्यालय जमनीपाली में मना स्वतंत्रता दिवस



स्वामी आत्मानंद शासकीय विद्यालय जमनीपाली में स्वतंत्रता दिवस का आयोजन बड़े उत्साह और गरिमा के साथ किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में स्कूल प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष सुनील भतपहारे उपस्थित रहे। विशेष अतिथियों में विधायक प्रतिनिधि संजय कुरमवंशी एवं वार्ड पार्षद अजय चंद्र शामिल थे। समारोह का शुभारंभ भारत माता की आराधना एवं पुष्प अर्पण से हुआ। इसके बाद मुख्य अतिथि द्वारा ध्वजारोहण किया गया और सभी उपस्थितों ने गर्व के साथ सामूहिक रूप से राष्ट्रगान गाया। विद्यालय प्रांगण में देशभक्ति के नारों और गीतों की गूंज ने माहौल को ऊर्जा और प्रेरणा से भर दिया। ध्वजारोहण के पश्चात विद्यार्थियों ने विविध रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इन प्रस्तुतियों में देशभक्ति गीत, समूह नृत्य, कविता शामिल थे, जिनमें देश के वीरों के त्याग और बलिदान को जीवंत किया गया। दर्शकों ने तालियों की गड़गड़ाहट से बच्चों का उत्साह बढ़ाया। विद्यालय के प्राचार्य अभिमन्यु साहू ने मुख्य अतिथि, विशेष अतिथियों तथा सभी उपस्थित जनों का स्वागत भाषण दिया।

### पीडब्ल्यूडी स्कूल में मना स्वंतत्रता दिवस

शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय पीडब्लूडी रामपुर में स्वतंत्रता दिवस मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष संजीव शर्मा के द्वारा ध्वजारोहण किया गया एवं सभी ने राष्ट्रगान गाया। मुख्य अतिथि ने स्वतंत्रता दिवस के महत्व के बारे में बताया और यह बताया। इस अवसर पर संरक्षक शिव चंदेल वार्ड पार्षद ममता यादव एक्स आर्मी दीपक सिंह सदस्य लता ठाकुर पूर्व पार्षद पालूराम साहू सदस्य दिलीप राव प्राचार्य मनसाय लहरें शिक्षक धनेन्द्र सिंह राजपूत माधुरी अग्रवाल विभा शुक्ला गणेशी सोनकर निधि तिवारी बबीता साहू एवं अन्य शिक्षक शिक्षिकाएं एवं गणमान्य नागरिक सहित अन्य लोगों की उपस्थिति रही।

### संयंत्र में झुलसे ठेका श्रमिक की उपचार के दौरान मौत

**कोरबा।** एचटीपीएस संयंत्र में कार्य के दौरान शार्ट सर्किट होने की वजह से करंट की चपेट में आने से ठेकाश्रमिक व एक जुनियर इंजीनियर गंभीर रुप से घायल हो गए थे। जिन्हें उपचार के लिए रायपुर स्थित अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उपचार के दौरान सुरेंद्र साहू नाम ठेका श्रमिक की मौत हो गई। जिसके बाद आक्रोशित परिजनों ने नौकरी व मुआवजा की मांग को लेकर मोर्चा खोल दिया। घटना दर्री थाना क्षेत्र की है। जानकारी के मुताबिक एचटीपीएस संयंत्र में जीमैक्स कंपनी को क्लीनिंग और टाइटनेस का काम ठेके पर दिया गया था। यार्ड में काम करने के दौरान ठेकाकर्मी सुरेंद्र साहू (25 वर्ष) लाइव ब्रेकर की चपेट में आ गया, उसे बचाने के चक्कर में इंजीनियर आकाश कुजूर भी झुलस गया। इस हादसे के बाद दोनों को रायपुर के कालड़ा हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था। 15 अगस्त की सुबह सुरेंद्र ने दम तोड़ दिया। जो कि अयोध्यापुरी दर्री का रहने वाला था। जिसके बाद परिजनों ने मुआवजे और नौकरी की मांग को लेकर हंगामा किया। हालांकि 12 लाख मुआवजा और परिवार के एक सदस्य को नौकरी देने की बात पर सहमति बनी, तब जाकर मामला शांत हुआ। फिलहाल, घायल जूनियर इंजीनियर आकाश कुजूर का इलाज अभी जारी है।

**न्यायालय तहसीलदार कोरबा, जिला-कोरबा (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

**रा.प्र.क्र. 202508050600035/ ब-121/2024-25 ग्राम कोरबा प.ह.नं. 16**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिकागण श्रीमती भुवनेश्वरी कुमारी चन्द्रा पति श्री कुशल सिंह चन्द्रा वगैरह जाति चन्द्रनाहू निवासी LIG-169 शिवाजी नगर कोरबा तहसील व जिला कोरबा द्वारा ग्राम कोरबा प.ह.नं. 16 में ख.नं. 235/1 स्थित है, जिसमें भूखण्ड/भवन कमांक LIG-169 क्षेत्रफल 82.36 वर्गमीटर को नगर पालिक निगम द्वारा 30 वर्ष की लीज पर दिया गया था। नगर पालिक निगम के द्वारा पंजीकृत हस्तांतरण विलेख दिनांक 06/03/2024 के माध्यम से उक्त भूखण्ड / भवन क्र. LIG-169 क्षेत्रफल 82.36 वर्गमीटर को आवेदिकागण के नाम पर हस्तांतरण किये जाने से कैफियत कॉलम में दर्ज किये जाने बाबत इस न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह अपना दावा/आपत्ति इस न्यायालय में नियत तिथि दिनांक 27/08/2025 तक स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। समयावधि बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 13/08/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के सील मुद्रा से जारी।

**तहसीलदार**
**कोरबा (छ.ग.)**

**प्रो.क्र. 811/2025** **CMJC NO. 165/2025**
**पेशी तारीख -29.08.2025**

**-::आम ईश्तहार:-**

**न्यायालय एस. शर्मा श्रीमान प्रधान जिला न्यायाधीश कोरबा जिला कोरबा (छ.ग.)**

बूंद कुमार गबेल वगैरह ......अपीलार्थीगण

**बनाम**

ज्योति कुमार गबेल वगैरह.......उत्तरवादीगण

उपरोक्त अपीलार्थीगण के द्वारा ज्योति गबेल वगैरह के विरुद्ध न्यायालय श्रीमान प्रधान जिला न्यायाधीश कोरबा, जिला कोरबा (छग) के समक्ष न्यायालय प्रथम व्यवहार न्यायाधीश श्रीमती कुमुदनी गर्ग के उत्तराधिकार व्यवहार वाद क्र. 28अ/2020 पक्षकार बूंद कुमार गबेल वगैरह बनाम ज्योति गबेल वगैरह में पारित आदेश दिनांक 08-05-2025 के विरुद्ध प्रथम सिविल लाईन अपील अंतर्गत धारा 96 सहपठित आदेश 41 नियम 01 व्या.प्र.सं. का आवेदन प्रस्तुत किया गया है। जिसका प्रकरण क्र. CMJC No. 165/2025 है। उक्त प्रकरण में सुनवाई हेतु दिनांक 29-08-2025 की तिथि नियत है। अतः उक्त प्रकरण में अपीलार्थीगण के द्वारा आम जनता को पक्षकार बनाया गया है, इसलिए उत्तरवादीगण क्र. 02 आम जनता (जिसका इस वाद से संबंध हो) को उक्त प्रकरण के संबंध में कोई आपत्ति हो तो सुनवाई दिनांक-29-08-2025 को दिन के 11.00 बजे उपस्थित होकर अपना जवाबदावा इस न्यायालय में पेश करें। अन्यथा प्रकरण की सुनवाई आपके विरुद्ध एक पक्षीय कार्यवाही करते हुए की जाएगी। नोट :- अगर उक्त पेशी दिनांक 29-08-2025 को न्यायालय का अवकाश हो जाता है तो प्रकरण की सुनवाई आगामी दिवस में की जावेगी। आज दिनांक 30-07-2025 को न्यायालय के मोहर एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

**(एस. शर्मा)**
**प्रधान जिला न्यायाधीश**
**जिला कोरबा (छ.ग.)**



## खबर संक्षेप

### सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारी को घर में घुसकर दी धमकी, एसपी से शिकायत

**कोरबा।** एक 72 वर्षीय सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारी सदाराम चंद्रा ने मालखरौदा थाना के एसआई और एएसआई पर सनसनीखेज आरोप लगाते हुए एसपी से कड़ी कार्रवाई की मांग की है। शिकायत के मुताबिक 6 अगस्त की सुबह दोनों अफसर कुछ लोगों के साथ उनके घर पहुंचे। दरवाजा खुलते ही उन्होंने गाली-गलौज शुरू कर दी। पीड़ित का आरोप है कि एसआई ने खुलेआम धमकाया है। सदाराम के अनुसार यह पूरा घटनाक्रम किसी निजी रंजिश के बिना हुआ, बल्कि गुंडा तत्वों को बचाने के लिए पुलिसकर्मी दबाव बना रहे थे। इतना ही नहीं, उन्होंने कोर्ट से मिली अंतरिम जमानत को भी नकारने की कोशिश की। पीड़ित ने बताया कि इस घटना के प्रत्यक्ष गवाह भी मौजूद हैं, जो जरूरत पड़ने पर गवाही देने को तैयार हैं। सदाराम चंद्रा ने एसपी से तत्काल कार्रवाई की मांग की है, ताकि आरोपी पुलिसकर्मियों और गुंडा तत्वों पर कानून का शिकंजा कस सके।

### रावत को पिछड़ा वर्ग की सूची में शामिल करने कलेक्टर को ज्ञापन

**कोरबा।** झेरिया यादव समाज रायपुर पंजीयन (5066) की जिला इकाई द्वारा यादव को केन्द्र सरकार के पिछड़ा वर्ग की सूची में जुड़वाने बावत राज्यपाल व मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन कलेक्टर को सौंपा गया। झेरिया यादव समाज द्वारा कहा गया है कि रावत सरनेम छत्तीसगढ़ में यादव जाति में आता है, लेकिन केन्द्र सरकार ने इसे सामान्य वर्ग में रखा है, जिसके कारण हमारे यादव समाज के लोग जो रावत लिखते हैं, उन्हें सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है और कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है। यादव समाज ने कलेक्टर को सौंपे ज्ञापन में राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री से अपील करते हुए कहा है कि रावत सरनेम के यादव समाज के लोगों को पिछड़ा वर्ग की सूची में शामिल करने की मांग की है। ज्ञापन सौंपने के दौरान रिखीराम यादव जिलाध्यक्ष, हीरालाल यादव उपाध्यक्ष, सोहित यादव-जिलाध्यक्ष क्षेत्रीय झेरिया यादव समाज, शिवनाथ यादव, माखन यादव, बुधवार साय, श्रीमति सैलाना यादव, लीलाम्बर यादव, नत्थुलाल यादव, नित्यानंद यादव, भानु यादव, गोपाल यादव, नीलकंठ यादव, करमहा यादव, खम्मन यादव, रामाधार यादव, राजेंद्र यादव, रघुनाथ यादव, भावेश कुमार, धनेश कुमार यादव, जितेंद्र कुमार यादव, महेन्द्र कुमार यादव, बिहारी लाल यादव, सुमित यादव देवेन्द्र, अनुराग, शनि यादव अविनाश, रामकुपाल, निवेश, गौरव, आकाश, अभय, उमेद यादव, रामगोपाल यादव उपस्थित थे।

### ग्रीन इंडिया क्लीन इंडिया व एक पेड़ मां के नाम पर कार्यक्रम

**कोरबा।** ग्रीन इंडिया क्लीन इंडिया, एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम में सीएसआर एनटीपीसी कोरबा द्वारा चारपारा कोहड़िया के आत्मानंद मिडिल स्कूल एवं हाई स्कूल के बच्चों के माध्यम से स्वच्छता एवं प्लास्टिक वेस्ट के निपटान हेतु रैली का आयोजन किया गया, रैली के उपरांत दोनों स्कूलों में एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम में पेड़ लगाया गया। पार्षद नरेंद्र देवांगन, एनटीपीसी के अधिकारी प्रियंका कुमारी, आरसी बेन, स्वच्छता पुकारे फाउंडेशन के कौशिक एवं विद्यालय प्रधानाचार्य, शिक्षकगण तथा विद्यालय के बच्चे शामिल हुए। पार्षद नरेंद्र देवांगन ने बच्चों को स्वच्छता के विषय में बताया कि स्वच्छता हमारे जीवन का एक महत्वपूर्ण पहलू है जो एक स्वास्थ्य और स्वच्छ वातावरण सुनिश्चित करता है हर व्यक्ति को उनके आसपास स्वच्छता बनाए रखना जरूरी है। श्री बेन ने बताया कि स्वच्छ वातावरण ही स्वास्थ्य समाज का निर्माण करता है इसलिए घर हो, वर्कप्लेस या समुदाय हो एक साफ वातावरण को बढ़ावा देता है।

### शहर और उप नगरीय क्षेत्र डूबे रहे कृष्ण भक्ति में

# गली- गली फोड़ी गई दही- हांडी, मंदिरों में देर रात गूंज उठा जय गोविंदा


दही हांडी फोड़ने की तैयारी में युवकों की टोली।


दही हांडी फूटने के बाद खुशी मनाते श्रद्धालु।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कृष्ण जन्माष्टमी का पर्व शहर और उप नगरीय क्षेत्रों में धूमधाम से मनाया गया। शाम होते ही मंदिरों में आम लोगों का पहुंचना शुरु हो गया था। शाम से ही भजन कीर्तन का दौर चल पड़ा था। जैसे जैसे रात गहराती गई मंदिरों में लोग

**खास बात**

- देर शाम तक चला गली मोहल्लों में मटकी फोड़ने का दौर

कृष्ण भक्ति में डूबते नजर आए। आधी रात को श्रीकष्ण जन्म हुआ वैसे ही मंदिरों में ढोल मंजीरो के साथ जय नंदलाला जय गोविंदा गूंज उठा। इसके पूर्व गली मोहल्लों में भी युवाओं की टोली मटकी फोड़ते रही। देर शाम तक शहर के विभिन्न हिस्सों में मटकी फोड़ने के साथ विभिन्न आयोजन किए गए। कहीं कृष्ण सज्जा के रुप में छोटे छोटे बच्चे सजे नजर आए तो कहीं बाल रुप में कृष्ण मटकी फोड़ते नजर आए। नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सर्वमंगला नगर में भी जन्माष्टमी पर्व धूमधाम के साथ मनाई गई। नगर में श्रीकृष्ण की सुंदर झांकी निकाली गई है। इस दौरान बड़ी संख्या में वार्ड वासी झांकी में शामिल है। भगवान श्री कृष्ण की झांकी पूरे वार्ड में भ्रमण कर रही है। इसके अलावा सर्वमंगला नगर क्षेत्र के कई स्थानों में दही हांडी कार्यक्रम आयोजित किया गया। देर शाम यहां कार्यक्रम शुरू होगा इसके अलावा कई स्थानों में खिचड़ी, खीर पूरी, हलवा भोग प्रसाद वितरण किया गया।

**जन्माष्टमी पर शहर में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल हुए उद्योग मंत्री**

कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर वाणिज्य उद्योग और श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन शहर के विभिन्न मंदिरों में आयोजित श्रीकृष्ण जन्मोत्सव मे शामिल हुए। पुरानीबस्ती कोरबा स्थित रानी रोड दुर्गा मन्दिर से श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर स्थानीय वार्ड वासियों द्वारा भव्य शोभायात्रा निकाली गई, इस शोभायात्रा में मंत्री श्री देवांगन शामिल हुए। इस अवसर पर मंत्री श्री देवांगन ने श्रीकृष्ण की आरती पूजना की। वार्डवासियों के साथ मंत्री श्री देवांगन ने श्रीकृष्ण झांकी पर फूलों की वर्षा की। उन्होंने कहा कि सनातन परंपरा में आस्था रखने वालों के लिए श्री कृष्णा प्रेरणा स्रोत हैं। गीता के माध्यम से श्री कृष्ण ने धर्म के मार्ग पर चलने का उपदेश दिया है और सभी धर्म को साथ में लेकर कैसे चला जाता है इसे उन्होंने सिखाया भी है।

**पुराना बस स्टैंड में आयोजित हुआ मटका फोड़ प्रतियोगिता**

जन्माष्टमी के अवसर पर बस स्टैंड में मटकी फोड़ का आयोजन किया गया। जिसके लिए पुरुस्कार भी रखे गए थे। देर शाम मटकी फोड़ने का कार्यक्रम शुरु हुआ जिसे देखने के लिए शहर और उपनगरीय क्षेत्रों के लिए बड़ी संख्या में मौजूद थे। पहली बार मटकी फोड़ प्रतियोगिता आयोजित होने के कारण बीते वर्ष की तुलना में आम लोगों की भीड़ ज्यादा थी, जिससे यातायात व्यवस्था भी थोड़ी देर के लिए चरमारा गई थी। हालांकि पुलिस कर्मी यातायात व्यवस्था के लिए तैनात थे। मटकी फोड़ विजेता ग्रुप को 51 सौ रुपए का पुरुस्कार भी दिया गया।


चने में कीड़े मिलने की शिकायत करतीं छात्राएं।

# स्वतंत्रता दिवस पर स्कूल में बच्चों को परोसा गया कीड़ायुक्त चना

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा


कीड़ायुक्त चना।

स्वतंत्रता दिवस के राष्ट्रीय पर्व पर जहां देशभर में उत्साह और उमंग का माहौल था, वहीं जिले के मुड़ापार स्थित शासकीय पूर्व

**खास बात**

- शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला मुड़ापार का मामला

माध्यमिक शाला में एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। स्कूल में बच्चों को कीड़ों से भरा चना परोसा गया। जिससे उनके स्वास्थ्य को गंभीर खतरा पैदा हो सकता है।

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर स्कूल में राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया और छत्तीसगढ़ महतारी की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलन कर पूजा-अर्चना की गई। शिक्षकों ने छात्र-छात्राओं को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दीं और प्रसाद वितरण किया गया। समारोह में सरपंच, पंच और ग्रामीणों की उपस्थिति रही, लेकिन इस उत्सव के बीच स्कूल की बदहाल स्थिति ने सभी को स्तब्ध कर दिया। बच्चों के लिए न बैठने की जगह, न पौष्टिक भोजन, स्कूल में न तो बच्चों के लिए पर्याप्त बैठने की व्यवस्था है और न ही उन्हें पौष्टिक आहार उपलब्ध कराया जा रहा है। स्कूल में प्रेरणा स्व सहायता समूह द्वारा संचालित मिड डे मील में बच्चों को कीड़ों से भरा चना परोसा जा रहा है। यह भोजन किसी और के द्वारा आपूर्ति किया जा रहा है, जो बच्चों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ कर रहा है। सवाल उठता है कि अगर बच्चे बीमार पड़ते हैं, तो इसका जिम्मेदार कौन होगा। ग्रामीणों और अभिभावकों में आक्रोश है कि बच्चों के भविष्य के साथ इस तरह का खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। शासन-प्रशासन से मांग की जा रही है कि इस मामले की जांच हो और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाए।

# दोस्त पर चाकू से जानलेवा हमला करने वाला फरार आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

मामूली बात पर अपने ही दोस्त पर चाकू से ताबड़तोड़ जानलेवा हमला करने वाले आरोपी युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। कुछ दिन पूर्व तालाब के पचरी में बातचीत के दौरान विवाद की स्थिति निर्मित हुई थी और आरोपी युवक ने अपने ही दोस्त पर चाकू से हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर फरार हो गया था। पुलिस ने मामले में अपराध पंजीबद्ध कर फरार आरोपी की पतासाजी शुरू कर दी थी।

उल्लेखनीय है कि हरदीबाजार थाने में 2 जून को रेंकी बगैहापारा निवासी राकेश कुमार पटेल उम्र 21 वर्ष पिता अलगूराम पटेल ने शिकायत दर्ज कराई थी कि 2 जून की शाम राकेश उसका दोस्त राहुल पटेल व आरोपी गोवर्धन कंवर तीनों तालाब के पचरी में बैठ कर बातचीत कर रहे थे। इसी दौरान राहुल पटेल और आरोपी गोवर्धन के मध्य वाद विवाद शुरू हो गया। गोवर्धन कंवर राहुल पटेल को गाली गलौज करने लगा। इस दौरान राकेश पटेल ने दोनों के मध्य विवाद को देखकर समझाइश का प्रयास किया। राहुल ने जब गोवर्धन कंवर को गाली गलौच करने से मना किया तो गोवर्धन उसे जान से मारने की धमकी देने लगा और घर से चाकू लेकर आ गया। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ा कि गोवर्धन ने राहुल के गले पर चाकू से कई बार वार कर दिया। राहुल स्वयं को बचाने लगा जिससे उसके बांए हाथ में चाकू से गंभीर पहुंची। राहुल के चिखने चिल्लाने पर गोवर्धन कंवर से भाग गया। घटना की सूचना मिलने पर स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और घायल राहुल को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। आरोपी गोवर्धन कंवर ने राहुल पटेल की हत्या करने की नियत से चाकू से ताबड़ तोड़ हमला कर घायल किया था। पुलिस ने इस मामले में आरोपी के खिलाफ राकेश की शिकायत पर धारा 296, 351(2), 109(1) बीएनएस पंजीबद्ध किया था और फरार गोवर्धन कंवर की तलाश शुरू कर दी थी। आरोपी घटना के बाद लगातार फरार चल रहा था।


पुलिस गिरफ्त में आरोपी युवक।

# बाइकर्स ने साइलेंसर से फोड़े पटाखे पुलिस ने दौड़ाया, 8 आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में बाइकर्स ने स्वतंत्रता दिवस पर जमकर हुड़दंग मचाया। युवकों ने एसईसीएल कॉलोनी और मानिकपुर चौकी क्षेत्र में बाइक के साइलेंसर से पटाखे फोड़े। मामले में 8 युवकों को गिरफ्तार किया गया है। दूसरी ओर सोशल मीडिया पर बाइकर्स के हुड़दंग का वीडियो वायरल हो रहा है।

दरअसल घटना उस समय हुई जब एसपी सिद्धार्थ तिवारी, कलेक्टर अजीत वसंत आत्मानंद स्कूल में एक कार्यक्रम में मौजूद थे। हेलीपैड के पास पौधरोपण कार्यक्रम के दौरान बाइकर्स साइलेंसर से तेज आवाज करने लगे। अधिकारियों को इसकी भनक लगी तो, पुलिस और वनकर्मियों को मौके पर भेजा गया। पुलिस को देख लड़कों के बीच अफरा-तफरी मच गई। पुलिस ने युवकों को पकड़ने उनके पीछे भागते दिखे। पुलिस और वनकर्मी को देख बाइकर्स इधर-उधर भाग गए। पुलिस ने पीछा कर 8 युवकों को गिरफ्तार कर उनके बाइक भी जब्त कर लिया। सभी के खिलाफ मानिकपुर चौकी में कार्यवाही की गई है। कॉलोनी वासियों ने बताया कि बाइकर्स रोज उत्पात मचाते हैं। मना करने पर गाली-गलौज और मारपीट की धमकी देते हैं। अन्य आरोपियों की पहचान कर उन पर भी कार्रवाई की जाएगी। जिले के थाना-चौकियों और यातायात विभाग की ओर पहले से ही तेज रफ्तार बाइक और पटाखा फोड़ने वालों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है।


पुलिस गिरफ्त में आरोपी बाईकर्स एवं जप्त बाइक व साइलेंसर।

**ये हुए गिरफ्तार**

सीजी 12 बीएच 4371 प्रथम वायवाची 21 वर्ष पिता नंदन वायवाची निवासी पुरानी बस्ती कोरबा, सीजी 12 बीएच आशीष 19 वर्ष पिता कोकासिंह, एमपी नगर निवासी, सीजी 11 बी 6563 शशिकांत खुट्टे 21 वर्ष पिता उमाशंकर खुट्टे, निवासी अस्पताल के पीछे रायगढ़, सीजी 12 एबी 4872 प्रद्युम साहू पिता सुरेंद्र सिंह साहू रजगामार निवासी, सीजी 12 बीके 9512 भोलाशाह 23 वर्ष पिता इरफान शाह, निवासी पुरानी बस्ती कोरबा, सीजी 12 बीएम 2616 सनी यादव पिता राज किशोर यादव निवासी साकिन चेकपोस्ट बालकोनगर, सीजी 12 एडी 3450 शशिकांत नागर 18 वर्ष पिता प्रेमकुमार नागर निवासी आइटीआई रोड, रायगढ़, सीजी 12 बीबे 6157धनराम महंत पिता नंदकुमार महंत निवासी मोतीसागरपारा कोरबा को गिरफ्तार कर उनके बाइक को जब्त कर लिया है।

हरिभूमि नं.1 आवश्यक सूचना
हरिभूमि
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780

# भूविस्थापितों का एसईसीएल मुख्यालय में गेटजाम आंदोलन आश्वासन के बाद समाप्त


एसईसीएल मुख्यालय में गेट जाम आंदोलन करते भूविस्थापित।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एसईसीएल प्रबंधन द्वारा भूविस्थापितों के हड़ताल को टालने के लिए आयोजित बैठक में कोई सकारात्मक निर्णय नहीं निकलने की वजह से आक्रोशित भूविस्थापितों ने एसईसीएल मुख्यालय के मुख्य द्वार को बंद कर धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। भूविस्थापितों का आंदोलन दूसरे दिन भी जारी रहा, जिसके बाद एसईसीएल के सीएमडी ने भूविस्थापितों से चर्चा कर भूविस्थापितों के हित में निर्णय लिए जाने का आश्वासन दिया। जिसके बाद भूविस्थापितों ने अपना धरना प्रदर्शन समाप्त कर दिया।

उल्लेखनीय है कि माटी अधिकार मंच के नेतृत्व में भूविस्थापितों ने अपनी मांगों को लेकर एसईसीएल मुख्यालय में गेट जाम आंदोलन की चेतावनी दी थी। आंदोलन को टालने के उद्देश्य से एसईसीएल मुख्यालय में डायरेक्टर पर्सनल एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में बैठक आयोजित की गई थी, जिसमें सहमति नहीं बनने की वजह से भूविस्थापितों ने तय तिथि पर एसईसीएल मुख्यालय में गेट जाम आंदोलन शुरू कर दिया। जिले के कुसमुंडा, गेवरा, दीपका, मानिकपुर, अंबिका परियोजना, बुड़बुड़ सरायपाली परियोजना के भूविस्थापितों एवं प्रभावितों के रोजगार, मुआवजा, पुनर्वास एवं अन्य ठेका मजदूरों के मांगों के संबंध में एसईसीएल मुख्यालय बिलासपुर में गेट जाम आंदोलन 13 अगस्त से शुरू किया गया था जो दूसरे दिन 14 अगस्त को भी जारी रहा। गेट जाम हड़ताल ऐतिहासिक रूप से लगातार 28 घंटे तक जारी रहा। हड़ताल के प्रथम दिन दो बार अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की गई। हालांकि वार्ता सकारात्मक नहीं होने के कारण हड़ताल जारी रहा। दूसरे दिन भू राजस्व के अधिकारियों के साथ वार्ता विफल होने के बाद पुनः सीएमडी ने संगठन के प्रतिनिधिमंडल के साथ चर्चा की। संगठन के अध्यक्ष ब्रजेश श्रीवास ने रोजगार संबंधी मांगों एवं नियमों के संबंध में सीएमडी को विस्तार से जानकारी दी। छोटे खातेदार के पक्ष में एवं अर्जन के बाद जन्मे उम्मीदवार के पक्ष में उच्च न्यायालय से आदेश जारी किया गया है। जिसके बारे में भी अवगत कराया गया। सीएमडी को भूविस्थापितों की स्थिति से अवगत कराया गया कि रोजगार के लिए नामांकन जमा लेकर वर्षों तक घुमाते रहे। थक हारकर न्यायालय का सहारा लिया। उच्च न्यायालय से आदेश आने के बाद रोजगार देने के बजाय बार-बार अपील किया जा रहा है। आर्थिक स्थिति से अक्षम होने के कारण उच्चतम न्यायालय जाने की स्थिति में नहीं है। इसलिए बगैर अपील किए रोजगार प्रदान किया जाए। अर्जन के बाद जन्म संबंधी रोजगार प्रकरण का वनटाइम सेटलमेंट के तहत निपटारा किया जाए। जिसे सीएमडी ने गंभीरता पूर्वक सुना एवं संगठन को आवश्यक कार्यवाही करने का आश्वासन दिया। सीएमडी के द्वारा कहा गया कि लीगल विभाग एवं भू राजस्व विभाग के साथ बैठक कर निर्णय लिया जाएगा।

# अज्ञात वाहन ने 10 मवेशियों रौंदा, मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बीती रात शुक्रवार को कटघोरा-अंबिकापुर नेशनल हाइवे पर ग्राम चंदनपुर में मवेशियों का झुंड सड़क पर बैठा था तभी किसी अज्ञात ट्रेलर के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए इन्हें रौंद दिया। जिससे मौके पर ही 10 मवेशियों की मौत हो गई वहीं कई मवेशी घायल हो गये। घटना के बाद घंटों तक आवागमन बाधित रहा और सैकड़ों वाहन कतारबद्ध खड़े रहे। कटघोरा पुलिस द्वारा मौके पर पहुंचकर मृत एवं घायल मवेशियों को वाहन चालकों की मदद से किनारे करवाया गया तब कहीं जाकर जाम खुल पाया। गौरतलब हो कि ये मार्ग पिछले कुछ दिनों से दुर्घटनाजनित मार्ग बन चुका है। चकचकवा पहाड़ी से लेकर चंदनपुर के एक ढाबा तक डिवाइडर युक्त मार्ग है जिसके बीचो बीच कनेर का पौधा लगाया गया है, यह भी दुर्घटना का कारण बन चुका है क्योंकि इसके कारण विपरीत दिशा का मार्ग दिख नहीं पाता और मवेशी हो या मनुष्य दुर्घटना का शिकार हो जाते हैं। दूसरा कारण डिवाइडर के बीच में लगे स्ट्रीट लाइट सालों से बंद पड़े हैं।

सम्भाग का प्रथम Hightech नेत्र अस्पताल
आशीर्वाद
लेजर, फेको नेत्र चिकित्सालय
ZEPTO जेप्टो अमेरिकन (FDA) तकनीक द्वारा
अब तक 1.50 लाख से अधिक सफल नेत्र आपरेशन पर मुख्यमंत्री द्वारा छत्तीसगढ़ गौरव सम्मान
डॉ. एल.सी. मढ़रिया MBBS, MS नेत्र रोग विशेषज्ञ एवं फेको सर्जन
डॉ. एश्वर्य मढ़रिया MBBS, MS, FVR, LVP-Hydrabad नेत्र रोग विशेषज्ञ एवं रेटिना विशेषज्ञ
आई.जी.ऑफिस रोड, नेहरू चौक, बिलासपुर
फोन : 07752-402070, 228277, मो. : 9826190123, 9669979123

online Booking-www.tripuryatra.com
12 ज्योतिर्लिंग
स्लीपर मात्र 16,500/
रिजर्वेशन कोच
10 सितंबर, 24 सितंबर, 01 अक्टूबर, 29 अक्टूबर, 12 नवम्बर, 10 दिसम्बर, 17 दिसम्बर 2025 (11 दिन)
7 ज्योतिर्लिंग यात्रा
श्री द्वारिकाधीश, श्री द्वारिकामेंट, श्री शिरडी साईं बाबा, महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, ऑकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, सोमनाथ ज्योतिर्लिंग, नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, घृनेश्वर ज्योतिर्लिंग, त्र्यंबकेश्वर ज्योतिर्लिंग, भीमाशंकर ज्योतिर्लिंग, श्री शनि सिंघनापुर
राशि:-स्लीपर-16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी-32,500/- (+5%GST)
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

स्वामी जी-93406-38884
ज्योतिर्लिंग
By Train-रिजर्वेशन कोच
7 ज्योतिर्लिंग यात्रा
श्री द्वारिकाधीश, श्री भेंट द्वारिका, सोमनाथ, नागेश्वर, ओमकालेश्वर, महाकालेश्वर, भीमाशंकर, घृष्नेश्वर, ममलेश्वर, रूखमणि मंदिर, गोपी तालाब, त्रयम्बकेश्वर, शिरडी सांई बाबा, शनि सिंघ्नापुर, नाशिक, पंचवटी, हनुमान जन्म स्थल
यात्रा दिनांक: 10 सितंबर 2025, 29 अक्टूबर 2025, 10 नवंबर 2025, 10 दिसंबर 2025, 11 दिन की यात्रा
राशि: स्लीपर-18,501/- ऑफर 16,501/-, 3AC-28,501/-ऑफर 26,501/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866
Head Office : सिटी सेंटर मॉल ग्राउण्ड फ्लोर पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)